Regarding alleged irregularities in Lodna area, Jairampur Colliery under BCCL in Dhanbad, Jharkhand.-laid

श्री आदित्य यादव **(बदायूं) :** मैं जनपद धनबाद, झारखंड में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड लोदना एरिया के जयरामपुर कोलियरी में किए गए व्यापक भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितता की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ । सरकार को अवगत कराना है कि भारत कोकिंग कोल लिमिटेड द्वारा दिनांक 13 जून 2015 को एक आउटसोर्सिंग कंपनी को जयरामपुर कोलियरी, लोदना एरिया झरिया, धनबाद, झारखंड में 2920 दिनों के लिए कुल आठ वर्षों में 278.29 लाख टन कोयला उत्खनन का तथा ट्रांसपोर्टिंग का 4194 करोड़ 60 लाख 80 हजार 377 रूपये में दिए जाने हेतु एनआईटी के तहत ठेका दिया गया, जिसमें 5% सिक्योरिटी मनी आउट सोर्सिंग कंपनी को बीसीसीएल में जमा करना था, किंतु आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा 210 करोड़ रूपये के स्थान पर मात्र 26 करोड़, 21 लाख, 63 हजार 3 रूपये जमा किए गए, जिसमें 184 करोड़ रूपये की वित्तीय क्षति भारत कोकिंग कोल लिमिटेड को पहुंचाई गई, जिसमें उक्त आउटसोर्सिंग कंपनी अवैधानिक तरीके से 184 करोड़ रूपये का लाभ पहुंचाया गया । कोयला मंत्रालय के 8 नवंबर 2020 को सीआईएल बीसीसीएल के नाम लिखे गए पत्र में कहा गया था कि 5% सिक्योरिटी मनी डिपॉजिट तथा 5% की धनराशि रनिंग बिल से काटी जानी है, किंतु आउटसोर्सिंग कंपनी को अनुचित लाभ पहुंचाने के क्रम में 210 करोड़ रूपये के स्थान पर मात्र 26 करोड़, 21 लाख, 63 हजार 3 रूपये की बैंक गारंटी ली गई, जिसकी वैलिडिटी अक्टूबर 2023 में समाप्त हो गई थी । इसके बावजूद भी आउटसोर्सिंग कंपनी से कोयला उत्खनन तथा ट्रांसपोर्टिंग का काम लिया गया । इन आठ वर्षों में जहाँ इस आउटसोर्सिंग कंपनी को 278.29 लाख टन कोयले का उत्खनन करना था, वहीं बीसीसीएल के अधिकारियों द्वारा यह बताया गया कि अब तक 238000 टन कोयले का ही उत्खनन किया गया है । ऐसे में इस कंपनी को ब्लैकलिस्टेड करते हुए इस पर जुर्माना भी लगाया जाना था । जिसमें भारत कोकिंग कोल लिमिटेड को लगभग 200 करोड़ रुपये के आसपास की वित्तीय क्षति पहुंचाई गई । अत: मै कोयला मंत्री से उक्त प्रकरण की जांच किए जाने के संबंध में तथा वित्तिय अनियमितताओं में लिप्त अधिकारियों को बर्खास्त करते हुए कंपनी को हानि पहुँचाए गए धनराशि की वसूली किए जाने की आप से मांग करता हूँ ।